# मेक्सिको की खाड़ी और डेनाली के नाम में परिवर्तन

**स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी महानता के सम्मान में[मेक्सिको की खाड़ी](#) **(Gulf of Mexico) का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी (Gulf of America)** करने तथा उत्तर अमेरिका की सबसे ऊँची पर्वत चोटी **डेनाली** का नाम बदलकर **माउंट मैकिन्ले करने** के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किये।

- **नामकरण:** नाम बदलने की कोई आधिकारिक नीति न होने के कारण, **इंटरनेशनल हाइड्रोग्राफिक ऑर्गनाइज़ेशन (IHO)**, जिसके अमेरिका और मैक्सिको सदस्य हैं, घरेलू भिन्न नामों की अनुमति देते हुए एकरूपता बनाए रखता है।
  - अंतर्राष्ट्रीय समझौतों में अभी भी मेक्सिको की खाड़ी का नाम प्रयोग किया जाता है, तथा **मेक्सिको और क्यूबा** को नया नाम प्रयोग करने की आवश्यकता नहीं है।
- **मेक्सिको की खाड़ी:** यह विश्व की सबसे बड़ी खाड़ी है, जो **क्यूबा, मेक्सिको और अमेरिका से घिरी हुई है,** यह **फ्लोरिडा जलडमरूमध्य** के माध्यम से अटलांटिक महासागर से और **युकाटन चैनल** के माध्यम से **कैरेबियन सागर** को जोड़ती है।
  - मेक्सिको की खाड़ी अमेरिका के **कच्चे तेल** का 14%, **प्राकृतिक गैस** का 5% आपूर्ति करती है, तथा **अमेरिका की पेट्रोलियम शोधन क्षमता का 48% तथा प्राकृतिक गैस प्रसंस्करण क्षमता का 51%** प्रदान करती है।




- **माउंट मैकन्लि: उत्तरी अमेरिका की सबसे ऊँची चोटी माउंट मैकन्लि अलास्का** में स्थति है तथा वर्ष 2015 में स्वदेशी **कोयुकोन लोगों के सम्मान में इसका नाम बदलकर डेनाली** कर दिया गया था।
  - माउंट मैकन्लि पर वापसी से **स्पेनशि-अमेरिकी युद्ध और अमेरिकी आर्थकि वकिास** में उनके नेतृत्व के लिये **राष्ट्रपतविलियिम मैकन्लि (1897-1901) को** सम्मानति किया जाता है।
- **समान वैश्वकि ववािद:** इसी तरह के अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों में जापान और दक्षणि कोरिया के बीच **"जापान सागर" बनाम "पूर्वी सागर",** ईरान और सऊदी अरब के बीच **"फारस की खाड़ी" बनाम "अरब की खाड़ी", तथा दक्षणि चीन सागर** में क्षेत्रीय नामकरण ववािद शामलि हैं।




**और पढ़ें:** [भारत-अमेरिका संबंध]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/renaming-gulf-of-mexico-and-denali